15/09/2024 आकाशवाणी भोपाल 7.10 पीएम

सांध्यकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री ने झारखंड से 6 वंदेभारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों को दिखाई हरी झंडी। कहा–अब देश की प्राथमिकता देश का गरीब है।
- स्वच्छता ही सेवा अभियान के लिए प्रदेश में तैयारियां जारी। मुख्यमंत्री ने अभियान से जुड़ने के लिए जनता से किया आह्वान।
- राष्ट्रीय पोषण माह के तहत प्रदेश की आंगनवाड़ियों में कार्यक्रमों का आयोजन जारी।
- मौसम विभाग ने अगले तीन दिन प्रदेश के पूर्वी हिस्से में भारी बारिश की जताई संभावना।

पीएम–झारखंड

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज रांची हवाई अड्डे से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से टाटा नगर – पटना सहित छह वंदेभारत रेलगाडियों को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने झारखंड में 660 करोड़ रूपए से अधिक की रेलवे परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण भी किया। इससे पहले श्री मोदी आज सुबह जमशेदपुर जाने के लिए रांची हवाई अड्डे पहुंचे लेकिन खराब मौसम के कारण उनका हैलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका। प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम आवास योजना – ग्रामीण के लाभार्थियों को पहली किस्त भी जारी की। इसमें 32 करोड़ रूपए लाभार्थियों के बैंक खातों में डिजिटल माध्यम से भेज दिए गए। बाद में प्रधानमंत्री सड़क रास्ते जमेशपुर पहुंचे और परिवर्तन महारैली को संबोधित किया।

प्रधानमंत्री ने राज्य के लोगों को झारखंड में विकास कार्य में तेजी लाने के लिए भ्रष्ट हेमंत सोरेन की नेतृत्व वाली राज्य सरकार को उखाड फेंकने के लिए आह्वान किया। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल राज्य के शत्रु हैं और ये पार्टियां सत्ता के लिए किसी भी हद तक जा सकती हैं।

दिल्ली – केजरीवाल इस्तीफा

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने घोषणा की है कि वे अगले दो दिन में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे। उन्होंने कहा कि अगले दो दिनों में अगले मुख्यमंत्री के बारे में निर्णय लेने के लिए आम आदमी पार्टी विधायकों की बैठक होगी। श्री केजरीवाल ने मांग की कि अगले वर्ष फरवरी में होने वाले दिल्ली विधानसभा के चुनाव इस वर्ष नवंबर में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के साथ ही कराए जाएं।

स्वच्छता अभियान–देश

देश के साथ प्रदेश में भी इस वर्ष स्वच्छ भारत मिशन की दसवीं वर्षगाँठ का सम्मान करने के लिए स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक "स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता " की थीम के साथ 2 अक्टूबर को "स्वच्छ भारत दिवस" समारोह मनाया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस अवसर पर सभी नागरिकतों से भागीदारी करने का आव्हान किया है। उल्लेखनीय है कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) का पहला चरण 2 अक्टूबर 2014 को प्रारंभ हुआ और 2019 तक सरकार और जनता की सक्रिय भागीदारी से सभी ग्रामों को खुले मे शौच से मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया। इस अवधि में राज्य में 70 लाख से अधिक घरों में नए शौचालय बने, सभी 51 हजार ग्राम तय समय से पहले खुले में शौच मुक्त घोषित हुए। वर्ष 2020 से स्वच्छ भारत मिशन का दूसरा चरण प्रारंभ हुआ, जिसमे 2024 तक सभी ग्रामों को खुले में शौच से मुक्त बनाए रखते हुए ठोस और तरल अपशिष्ट के प्रबंधन द्वारा मोडल श्रेणी में ओडीएफ प्लस बनाने का लक्ष्य रखा गया। इसके लिए अब तक 8 लाख से अधिक नए शौचालय बने, 44 हजार से अधिक ग्रामों मे ठोस कचरे को प्रबंधित करने

की सुविधाएं और 48 हजार से अधिक ग्रामों में तरल अपशिष्ट प्रबंधन की संपत्तियों को निर्मित करके राज्य के 41 हजार से अधिक ग्रामों को ODF प्लस मॉडल बनाया गया है। इसके अलावा पशुओं के गोबर से गोबर खाद और बायो गैस बनाकर समुदाय को लाभ पहुंचने के लिए गोबर्धन योजना से 100 से अधिक इकाइयां बनी।

मुख्यमंत्री उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि महाराजा विक्रमादित्य की न्याय और समानता से प्रेरित प्रदेश सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए कृत संकल्पित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज उज्जैन के रामानुज कोट आश्रम में आयोजित समतामूर्ति अलंकरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश जी.के. महेश्वरी को रामानुज कोट के धर्माचार्य संत स्वामी श्री गादी जी महाराज द्वारा समतामूर्ति अलंकरण से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी रंगनाथाचार्य महाराज सहित अन्य संत आचार्य उपस्थित रहें। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने जनहित के लिये एक एम्बुलेंस को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया।

पोषण माह

प्रदेश में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आगरमालवा जिले के बड़ागांव के वार्ड नंबर 15 के आंगनबाड़ी केंद्र पर आज एक कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया। इसके साथ ही पोषण मटका अंतर्गत दानदाताओं से प्राप्त पौष्टिक सामग्रियों से बाल भोज करवाया गया। इस मौके पर महिला बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं महिलाएं उपस्थित रही।

स्वच्छता ही सेवा–प्रदेश

स्वच्छता ही सेवा अभियान को लेकर प्रदेश में तैयारियां जारी है। खंडवा के जनपद पंचायत हरसूद, खालवा, पंधाना एवं पुनासा में आज स्वच्छाग्रहियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बताया कि अभियान के दौरान प्रेरकों द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामीणजनों को अपने आस पास सफ़ाई रखने एवं कचरा प्रबंधन के बारे में जानकारी दी जाएगी। अभियान के सफल क्रियान्वयन संबंधी "स्वच्छता शपथ" भी दिलाई गई। पंधाना में स्वच्छता रैली भी निकाली गई। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत खालवा में प्लास्टिक कचरा इकट्ठा किया जा रहा है। वहीं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को जिला समन्वयक जगदीश पटेल ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के बारे में जानकारी दी। सीहोर जिले के सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत अभियान चलाया जायेगा। अभियान की तैयारियों को लेकर कलेक्टर प्रवीण सिंह ने वीसी के माध्यम से बैठक आयोजित कर अधिकारियों से चर्चा की और इस अभियान को बेहतर तरीके से संचालित कर सफल बनाने के निर्देश दिए है।

दुग्ध संघ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ की क्षमता में वृद्धि की जाएगी। शासन का प्रयास है कि दुग्ध संघ के माध्यम से दुग्ध उत्पादक किसान अधिकाधिक रूप से लाभान्वित हों। प्रत्येक किसान परिवार के पास कम से कम 50 हजार रुपए बोनस राशि पहुंचे। मुख्यमंत्री आज उज्जैन में सहकारी दुग्ध संघ के कर्मचारी संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के माध्यम से दुग्ध खपत के लिये दुग्ध संघ की क्षमता में वृद्धि की जाएगी। साथ ही कर्मचारी हितों का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा।

संभावना गतिविधि

भोपाल के मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य,गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि "संभावना" का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आज हरदा के रामदास उइके और साथियों द्वारा डण्डा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। साथ ही सीधी के संतोष यादव एवं साथी,द्वारा अहिराई लाठी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। संग्रहालय में प्रति रविवार संभावना गतिविधि से प्रदेश के पांच लोकांचलों एवं सात प्रमुख जनजातियों की बहुविध कला परंपराओं की प्रस्तुति के साथ ही देश के अन्य राज्यों के कलारूपों को देखने समझने का अवसर भी जनसामान्य को प्राप्त होता है।

मौसम

मौसम विभाग ने अगले 3 दिन तक प्रदेश के पूर्वी हिस्से– जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग में भारी बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया सक्रिय हो गया है। यह आगे बढ़ रहा है। अगले 24 घंटे के दौरान यह प्रदेश में छा जाएगा। मानसून ट्रफ और साइक्लोनिक सर्कुलेशन भी सक्रिय है। हालांकि 18 सितंबर से प्रदेश में बारिश की एक्टिविटी घट जाएगी। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान सिंगरौली, सीधी, मऊगंज, शहडोल में भारी बारिश का येला अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही इंदौर, ग्वालियर, धार, छतरपुर सहित 33 जिलों में कहीं–कहीं बारिश होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि भोपाल, ग्वालियर समेत 35 जिलों में बारिश का कोटा पूरा हो चुका है। प्रदेश में अब तक औसत 40.4 इंच बारिश हो चुकी है।

समाचार संक्षेप में .....

- राज्यपाल मंगुभाई पटेल 17 सितम्बर को प्रदेश के मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों को शपथ ग्रहण कराएंगे। यह समारोह भोपाल में राजभवन में आयोजित किया जाएगा।
- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा धार जिले के एक दिवसीय दौरे पर आए। वह पार्टी के सदस्यता अभियान को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रदेश मैं 2 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है।
- रीवा में किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए शासन द्वारा किसानों से निर्धारित समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार तथा बाजरा का उपार्जन किया जाएगा। उपार्जन के लिए किसानों का ऑनलाइन पंजीयन 19 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक किया जायेगा।
- पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में पशु क्रूरता निवारण समिति की आज बैठक संपन्न हुई। इस मौके पर जिला कलेक्टर एवं समिति के अध्यक्ष द्वारा पशु क्रूरता अधिनियम 1960 का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।
- शिवपुरी जिले में इस समय गणेश महोत्सव के दौरान अचल झांकियों की धूम है। गणेश महोत्सव के दौरान विभिन्न गणेश पंडालों में इस समय गणेश प्रतिमा विराजित है और इस दौरान अचल झांकियों में भगवानों के विभिन्न स्वरूप बनाए जा रहे हैं।

--------------------